# कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण 'आत्मा' लोहरदगा।

नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी की उपयोजना सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन

## संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन का शुद्धि पत्र

नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी योजना अन्तर्गत प्रकाशित विज्ञापन संख्या PR254686 Lohardaga (20-21) दिनांक 11.10.21 एवं शुद्धि पत्र विज्ञापन संख्या PR256541 Lohardaga (20-21)D दिनांक 04.11.2021 द्वारा लोहरदगा जिला के निवासियों से ही आवेदन की मांग की गई थी। इसमें आंशिक संशोधन करते हुए लोहरदगा जिला के निवासी होने की बाध्यता को समाप्त किया जाता है एवं झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों से आवेदन प्राप्त करने की तिथि **17.12.2021** तक विस्तारित की जाती है।

| क्र0 | पदनाम | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव | नियुक्ति का प्रकार | अनुबंध अवधि (एक वर्ष के लिये) | मासिक परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | 03 | Post Graduate in Agriculture/ Allied Sector With Computer Skill | Minimum 2 Year Field Experience in Agriculture Related Activities | Contractual | एक वर्ष | Consolidated Rs. 30000 |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक | 12 | Graduate / Post Graduate in Agriculture/ Allied Sector | Preferably one year | Contractual | एक वर्ष | Consolidated Rs. 25000 |

**प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधकों / सहायक तकनीकी प्रबंधकों की श्रेणीवार रिक्तियाँ**

| क्र0 | पदनाम | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 1 | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | **01** | **00** | **02** | **03** |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक | **07** | **00** | **05** | **12** |

नोट :– नियुक्ति शर्त्त एवं आवेदन पत्र प्रारूप के लिए लोहरदगा जिला के NIC बेबसाइट http://lohardaga.nic.in एवं आत्मा, लोहरदगा क बेबसाइट http://atmalohardaga.co.in से प्राप्त किया जा सकता है।

08.12.21

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा
लोहरदगा।

8.12

उप विकास आयुक्त–सह–
उपाध्यक्ष, आत्मा, लोहरदगा।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
आत्मा, लोहरदगा।

## संशोधित शर्त्तेः-

1. विज्ञापित पद संविदा आधारित है एवं प्रारंभिक एक वर्ष के लिये है, जिसे योजना अवधि तक Performance Appraisal Report के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।
2. उक्त पदों पर चयन हेतु कुल पूर्णाक 100 अंक होगा तथा अर्हता हेतु Cut of Marks अनारक्षित वर्ग हेतु 50 अंक एवं आरक्षित वर्ग हेतु 40 अंक का होगा एवं कम्प्युटर दक्षता परीक्षा में उपस्थिति अनिवार्य होगी।
3. अभ्यर्थी का चयन योजना अवधि तक के लिये किया जाएगा।
4. प्रत्येक माह कार्य का आकलन एवं निरीक्षण किया जाएगा।
5. संविदा एकरारनामा की तिथि से संविदा प्रारंभ मानी जाएगी।
6. चयनित अभ्यर्थी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा/ परियोजना निदेशक, आत्मा/उप परियोजना निदेशक, आत्मा एवं उच्चाधिकारियों से प्राप्त निदेशों का अनुपालन समय सीमा के अंदर सुनिश्चित करेंगे।
7. उक्त पदों हेतु उपरोक्त आरक्षण रोस्टर मान्य है।
8. पूर्व में कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या PR254686 Lohardaga (20-21) दिनांक 11.10.21 एवं शुद्धि पत्र विज्ञापन संख्या PR256541 Lohardaga (20-21)D दिनांक 04.11.2021 में आंशिक संशोधन कर अभ्यर्थियों के लोहरदगा जिला के निवासी होने की बाध्यता को समाप्त किया जाता है एवं आवेदन प्राप्त करने की तिथि दिनांक **17.12.2021** तक विस्तारित किया जाता है। जिन अभ्यर्थियों ने विज्ञापन के आलोक में आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यता नहीं है।
9. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन स्वीकार किये जाएगे तथा आवेदन पत्र के लिफाफा के उपर आवेदित पद का नाम आवश्यक रूप से अंकित किया जाए।
10. गलत, अपूर्ण संलग्न कागजात एवं अधुरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा।
11. जिन अभ्यार्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया गया है और जिनकी शैक्षणिक योग्यता अर्हता अनुरूप नहीं है उनका आवेदन निरस्त किया जाता है ये अपना आवेदन एवं ड्राफ्ट कार्यालय से कार्यालय अवधि पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 5.00 बजे तक वापस प्राप्त कर सकते है।
12. 45 वर्ष से अधिक उम्र वाले अभ्यार्थी का आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।
13. चयनित अभ्यार्थी को परियोजना निदेशक, आत्मा लोहरदगा के साथ संविदा एकरारनामा करना होगा। संविदा एकरारनामा/ कार्य के आधार पर कृषि विभाग अथवा अन्य कार्यालयों मे स्थायी नियुक्ति की मांग नहीं की जाएगी।
14. भरा हुआ आवेदन पत्र परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा के कार्यालय में दिनांक **17.12.2021** समय 5.00 बजे अपराहन तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि एवं अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
15. इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों (यथा– अंक पत्र, आवसीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, कार्यानुभव एवं कम्प्युटर दक्षता सहित) का स्वअभिप्रमाणित की छायाप्रति निश्चित रूप से संलग्न करेंगे।
16. अन्तिम मेघा सूची/ रिजल्ट के प्रकाशन के बाद कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र के आधार पर यदि चयनित अभ्यर्थी एक माह के अंदर योगदान नहीं देते है तो उनकी दावेदारी स्वतः समाप्त हो जाएगी । रिजल्ट का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र/ आत्मा कार्यालय के सूचना पट्ट/NIC Lohardaga बेबसाईट https://ww.lohardaga.nic.in एवं ATMA लोहरदगा के बेबसाईट http://www.atmalohardaga.co.in के माध्यम से की जाएगी।
17. अभ्यर्थी आवेदन पत्र http://lohardga.nic.in, http://atmalohardaga.co.in से डाउनलोड कर सकेंगे।
18. आवेदन शुल्क प्रत्येक अभ्यर्थियों एवं प्रत्येक पद के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यार्थी के लिए 500/–(पॉच सौ) रूपये एवं अनसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थी के लिए 250/–(दो सौ पचास) रूपये का राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट, परियोजना निदेशक, आत्मा –सह–जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा।
19. इन पदों की नियुक्ति पदाधिकारी परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा होंगे। अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न विधाओं में Weightage के अनुसार होगा तथा अभ्यर्थी की कम्प्युटर दक्षता की जॉच होगी।

20. प्रत्येक पद के लिये प्रतीक्षा सूची बनाकर रिक्त पदों को प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों से भरा जायेगा, प्रतीक्षा सूची एक वर्ष के लिये मान्य होगी।
21. योजना/संविदा की अवधि की समाप्ति के एक सप्ताह पूर्व अग्रिम सूचना देकर किसी भी समय नियोजन समाप्त की जा सकती है।
22. नियुक्ति हेतु विज्ञापन अथवा प्रक्रिया को बिना कारण बतायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त किया जा सकता है।
23. उक्त पदों के लिए झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी ही आवेदन करने के पात्र होंगे। अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र एवं स्थानीय नियोजन प्रमाण पत्र अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत होना चाहिए।
24. नियुक्ति प्रक्रिया में समिति का अंतिम निर्णय बाध्यकारी होगा।
25. समिति द्वारा आवश्कतानुसार विज्ञापन की शर्त्तो में संशोधन किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| जिला कृषि पदाधिकारी–सह–<br>परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा। | उप विकास आयुक्त–सह–<br>उपाध्यक्ष, आत्मा, लोहरदगा। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष<br>आत्मा, लोहरदगा। |